डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,शनिवार 4 फरवरी,2023 वर्ष–07 / अंक–265 प्रष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये



## फिर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बने प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता चुने गए हैं। मॉर्निंग कंसल्ट () की वेबसाइट पर जारी सूची में पीएम मोदी 78 फीसदी ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग के साथ टॉप पर हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक समेत 16 देशों के दिग्गज नेताओं को पीछे छोड़ दिया है। पीएम मोदी को दुनिया भर में वयस्कों के बीच सबसे ज्यादा रेटिंग मिली है। इस सूची में दूसरा स्थान मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर को मिला है जिन्हें 68 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है। जबकि तीसरे स्थान पर स्विटजरलैंड के राष्ट्रपति अलैन बेरसेट हैं जिन्हें 62 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है। सर्वे के मुताबिक साल 2021 के बाद पीएम मोदी की लोकप्रियता और भी बढ़ गई है।

टॉप पांच से बाइडन तो टॉप 10 से सुनक बाहर

बता दें कि इस सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को टॉप पांच में भी जगह नहीं मिली है। इस सूची में बाइडन को 40 फीसदी अप्रूवल रेटिंग के साथ सातवां स्थान मिला है। वहीं सुनक को इस सूची में 30 फीसदी अप्रूवल रेटिंग के साथ13वां स्थान प्राप्त हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के पीएम को चौथा तो ब्राजिल के राष्ट्रपति को पांचवां स्थान

इस सूची में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज को 58 फीसदी अप्रूवल रेटिंग के साथ चौथा और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा को 50 फीसदी रेटिंग के साथ पांचवां स्थान मिला है।

# कृष्णगुरू एकनाम अखंड कीर्तन में शामिल हुए पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को असम के बारपेट में कृष्णगुरू एकनाथ अखंड कीर्तन में भाग लिया। कृष्णगुरू सेवाश्रम में आयोजित होने वाले इस कीर्तन में प्रधानमंत्री वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। उन्होंने कहा, कृष्णगुरु एक नाम अखंड कीर्तन का आयोजन पिछले एक महीने से चल रहा है। मुझे खुशी है कि ज्ञान, सेवा और मानवता की जिस प्राचीन भारतीय परंपरा को कृष्ण गुरु जी ने आगे बढ़ाया वो आज भी निरंतर गतिमान है।

प्रधानमंत्री ने कहा, कृष्णगुरु जी ने विश्व शांति के लिए हर 12 वर्ष में एक मास के अखंड नामजप और कीर्तन का अनुष्ठान शुरू किया था। हमारे देश में तो 12 वर्ष की अवधि पर इस तरह के आयोजनों की प्राचीन परंपरा रही है और इन आयोजनों का मुख्य भाव रहा है।

देश में जो जितना पीछे, वह पहली प्राथमिकता

पीएम मोदी ने कहा, आज विकास की दौड़ में जो जितना पीछे है, देश के लिए वो उतनी ही पहली प्राथमिकता है। यानि जो वंचित है, उसे देश आज वरीयता दे रहा है। आज देश असम और नॉर्थ ईस्ट के विकास को वरीयता दे रहा है। इस बार के बजट में भी देश के इन प्रयासों और हमारे भविष्य की मजबूत झलक दिखाई दी है। पूर्वोत्तर की इकॉनमी और प्रगति में पर्यटन की एक बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, इस बार के बजट में पर्यटन से जुड़े अवसरों को बढ़ाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। देश में 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स को विशेष अभियान चलाकर विकसित किया जाएगा।



## रक्तदान करना मानवता की बड़ी सेवा करना है--प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे

मंडला––शासकीय जेएमसी कन्या महाविद्यालय में भागीरथ समाज सेवा परिवार अशासकीय संस्था के द्वारा सिकिल सैल बीमारी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं, तथा इससे बचाव के उपाय बताये गए तथा रक्तदान करने की प्रेरणा दी गई। प्राचार्य प्रो(डॉ) शरद नारायण खरे ने कहा कि हेल्थी डाइट लेने से शरीर में प्रतिरोधक क्षमता आती है, पर्याप्त रक्त बनता है,जिससे बीमारियों से बचाव होता है। उन्होंने रक्तदान करने को एक बहुत ही पावन व महान कार्य निरूपित किया। कार्यक्रम का संचालन विजया श्याम ने किया।



## ओवर ब्रिज का अभाव यातायात जाम की समस्या का बना मुख्य कारण

मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर) । उत्तर रेलवे के वाराणसी –प्रतापगढ़ –लखनऊ रेल प्रखण्ड पर स्थित बादशाहपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी केबिन के निकट जौनपुर–मुंगराबादशाहपुर – प्रयागराज राज मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज का अभाव लोगो की परेशानी का सबब बन चुका है द्यआलम यह है कि ट्रेनों का आवागमन अधिक होने से ज्यादातर समय रेलवे फाटक बंद होने से मुंगराबादशाहपुर की यातायात व्यवस्था को ध्वस्त हो जाती है। मुंगराबादशाहपुर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु पूर्व थाना प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय द्वारा वेरीकेटिंग की व्यवस्था करने के साथ ही वाहनों के आवागमन को वन साइडेड किया गया लेकिन वह अधिक प्रभावशाली नहीं साबित हो सकाध् । बताते चलें कि सड़क मार्ग से गोरखपुर, जौनपुर , आजमगढ़ शाहगंज बदलापुर सुजानगंज के साथ ही मुंगराबादशाहपुर नगर एवं सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र को प्रयागराज से जोड़ने वाले इस राजमार्ग पर वाहनों का दबाव अधिक है । रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज का नहीं होने से ट्रेनों के आने जाने के समय रेलवे फाटक बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग जाती है । अधिकांशतः कालेजों एवं महाविद्यालयों के इसी मार्ग पर होने के कारण आवागमन का दबाव बना रहता है । इसके साथ ही साथ लोगों का प्रमुख व्यवसाय एवं आपातकालीन चिकित्सा के लिए भी प्रयागराज ही जाना होता है द्य लगातार ट्रेनों की बढ़ती संख्या की वजह से यह समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। लोगों का मानना है कि यदि क्रासिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण करा दिया जाए तो लोगो को इस समस्या से निजात मिल जायेगी द्य बताया जाता है कि मुंगराबादशाहपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए वर्ष 2016–17 के रेल बजट मे भी दर्शाया गया था लेकिन निर्माण कार्य शुरू नही किया जा सका । लोगो का मानना है कि क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों द्वारा कोई सार्थक प्रयास नही किया गया द्यजिसके कारण समस्या दिन प्रतिदिन भयावह होती जा रही है ।

## स्वामी प्रसाद मौर्य पर नही हुई कार्यवाही तो सड़क करेंगे जाम प्रमोद शर्मा



लखनऊ । समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्या का विवादित बयान तेजी से तूल पकड़ता चला जा रहा है बिगत दिनों जनपद जौनपुर के बदलापुर तहसील परिसर हनुमान मंदिर पर अखिल भारतीय हिंदू गौरव महासभा के कार्यकर्ताओं द्वारा मौर्या पर थानाध्यक्ष बदलापुर द्वारा कार्यवाही न करने पर भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन किया गया था तीन घँटे बाद जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय बिधायक रमेश चंद्र मिश्रा के प्रयास और कार्यवाही करवाने के आश्वासन पर अनशन तोड़वाय गया था उक्त कार्यकर्ताओ द्वारा श्री मिश्र बिधायक के सम्मान में पुलिस प्रशासन को एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही करने का मौका दिया गया था प्रेस क्लब लखनऊ के पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय हिंदू गौरव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि थानाध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी बदलापुर को एक हफ्ते का समय दिया है कार्यवाही न करने पर बदलापुर चौराहे का चारो सड़क जाम करवाने के लिए मजबूर होंगे पीछे नही हटने वाले हैं जो हमारे सनातन के खिलाफ जाएगा उसे ईट का जबाव पत्थर से देने का काम किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो सनातन के सम्मान में पूरे जनपद के सड़क को जाम करवाने का कार्य किया जायेगा।

## कृपाशंकर सिंह की पौत्री डॉ प्रियंका सिंह के तिलकोत्सव में पहुंचे वीवीआईपी




मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री तथा बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह की पौत्री (भतीजे हनुमान सिंह की पुत्री) और समाजसेवी अभय नारायण सिंह के सुपुत्र डॉ आनंद सिंह के तिलकोत्सव (1 फरवरी )में अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंचकर आशीर्वाद दिया। मीरा रोड पूर्व के जीसीसी क्लब में आयोजित शानदार कार्यक्रम में पहुंचने वाले अति विशिष्ट लोगों में मीरा भायंदर वसई विरार के पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे, मीरा भायंदर महानगरपालिका आयुक्त दिलीप ढोले, पूर्व विधायक रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व सांसद हरिवंश सिंह, देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राहुल एजुकेशन के चेयरमैन पंडित लल्लन तिवारी, उत्तर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, एड के एच गिरी,चित्रसेन सिंह डॉक्टर राजेंद्र सिंह, उद्योगपति रमेश धनराज सिंह, शिवसेना नेता विक्रम प्रताप सिंह, समाजसेवी रत्नाकर मिश्र, कमलेश दुबे, शिवसेना प्रवक्ता आनंद दुबे, नगरसेविका शानू गोहिल, शिव सेना संगठक ठाकुर मनोज सिंह, एड राजकुमार मिश्रा, एड आरपी पांडे,वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, अखिलेश सिंह, जितेंद्र सिंह ,अवनीश सिंह, समाजसेवी कृपाशंकर पांडे, आदिनाथ पांडे, एमपी सिंह, समाजसेवी विनय शुक्ला , सतीश सिंह , साठे कुमार सिंह, अनिल सिंह, जनार्दन सिंह,भाजपा युवा नेता जीतू यादव, कांग्रेस नेता दीपक यादव आदि का समावेश रहा। कार्यक्रम में आने वाले लोगों का कृपाशंकर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामराज सिंह तथा डॉ चिराग सिंह ने स्वागत किया।

## पीड़ित डीजे मालिक के समर्थन में उतरा भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

कन्नौज ।आज भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश कन्नौज जिला अध्यक्ष राज शर्मा के नेतृत्व में डीजे संचालक के साथ जिला अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला कन्नौज से मुआवजा दिलाए जाने के संबंध में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संगठन के साथ पीड़ित डीजे एवं बैंड मालिक सुनील कुमार को लेकर वार्ता की । बीती 21 जनवरी को बिजली ट्रांसफार्मर के फटने की वजह से मकरंद नगर नारायण टॉकीज के पास ज्वलनशील तेल के कारण संध्या डीजे एवं बैंड मालिक की दुकान में लगभग 4 से घ्5 लाख रुपए का जलकर राख हो गया था, पीड़ित बैंड मालिक के पक्ष में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कन्नौज ने जिलाधिकारी से दैवी आपदा कोष या मुख्यमंत्री राहत कोष से पीड़ित की सहायता के लिए वार्ता करके मुआवजा दिलाए जाने की मांग की, जिस से पीड़ित परिवार अपने व्यवसाय को दोबारा चालू करने का अवसर प्राप्त हो ।इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कन्नौज के जिला वरिष्ठ महामंत्री रमेश मेहरोत्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद तिवारी, व्यापारी नेता संजीव पटेल, संजीव अग्निहोत्री, संतोष तिवारी , गौतम जैन, जयंत प्रताप एवं अन्य नेता मौजूद रहे ।



## श्रीरामचरितमानस शीघ्र ही घर-घर वितरित-सरदार पतविंदर सिंह



श्रीरामचरितमानस अवधी में लिखा गया महाकाव्यस व्यापकता से देखें,तो तुलसीदास का योगदान लोगों को जोड़ने में हैस नैनी प्रयागराज ध्भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह अरैल संगम तट पर श्रद्धालुओं के मध्य विचरण करते हुए कहा कि श्री रामचरितमानस अवधी में लिखा गया महाकाव्यस भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि यह संयोग की बात है कि हमारे कई मित्र अवध क्षेत्र से भी हैं घर–घर में अवधि का प्रयोग बहुधा होता है बड़े–बुजुर्ग जब कभी घर से बाहर जाते हैं तो सहेजना नहीं भूलते है ष्बाल–बच्चन का तांडव रहिहोष्स यानी सीधा सा उसका भावार्थ है कि बच्चों का विशेष ध्यान रखनासकोस–कोस पर पानी बदले,पाच कोस पर बानीसइसलिए अवध क्षेत्र से ताड़ना (देखभाल)जौनपुर,काशी आते–आते ताड़लेना(समझ जाना) हो गया,तो आश्चर्य नहीं। श्री रामचरितमानस अवधी में लिखा गया महाकाव्य है, कुछ उच्छेदवादी मानसिकता के लोगों ने समाज और राष्ट्र में अशांति तथा अस्थिरता पैदा करने के लिए ग्रंथ को अपना हथियार बनाया भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने आगे कहा कि बहुत शीघ्र ही घर–घर श्रीरामचरितमानस महाकाव्य ग्रंथ को वितरित किया जाएगा परिवार,समाज को अपने ग्रंथों,पौराणिक चरित्रों को सीखना चाहिए व्यापकता से देखें,तो तुलसीदास का योगदान लोगों को जोड़ने में है तोड़ने में कतई नहींस इस अवसर पर सतीश केसरवानी,राजेश थापा,लल्लू केसरवानी,पंडित दामोदर,अजीत, प्रदीप,संदीप,हरमनजी सिंह,दलजीत कौर आदि स्वयंसेवक रहे।

## बीएमसी शिक्षक ओमप्रकाश मिश्रा की सेवा सम्पूर्ति सम्मान समारोह संपन्न



बृहन्मुंबई महानगरपालिका शिक्षण विभाग द्वारा संचालित सहकार नगर हिंदी मनपा शाला के प्रभारी मुख्याध्यापक ओमप्रकाश देवराज मिश्रा की शाला के सभागार कक्ष में आयोजित भव्य समारोह में शानदार विदाई की गई। समारोह के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित प्रशासकीय अधिकारी किशन पावडे पाटिल ने ओम प्रकाश मिश्रा की सेवाओं की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में वरिष्ठ पत्रकार श्रीनारायण तिवारी, मुख्याध्यापक गंगा प्रसाद तिवारी,पत्रकार ओमप्रकाश तिवारी, शाखा प्रमुख दीपक पाटिल, इमारत प्रभारी नीना राय, मुख्याध्यापक किशोर जाधव, अखिलेश तिवारी , सुनील कुमार पांडे ,देवी प्रसाद मिश्र, गुलाब मिश्र, दीपक पाठक ,सुरेंद्र कुमार मिश्र, अशोक कुमार भट्ट, आनंद सिंह, लीलावती सिंह, विनोद मिश्रा समेत वार्ड के सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक ,शिक्षक तथा अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्याध्यापक देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन शिक्षा निरीक्षक जगदीश गायकवाड ने किया। अंत में राष्ट्रगान और स्वरूचि भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## अवधूत आश्रम में माता रेणुका जोशी को संत समाज एवं गणमान्यजनों ने दी श्रद्धांजलि

कुरुक्षेत्र कुरुक्षेत्र के पिहोवा मार्ग पर स्थित श्री बड़ा उदासीन अखाड़ा अवधूत आश्रम में आज आश्रम एवं षडदर्शन साधुसमाज के अध्यक्ष परम पूज्य परमहंस ज्ञानेश्वर जी महाराज के सानिध्य में संत समाज ने पूज्य माता रेणुका जोशी को श्रद्धांजलि दी गई।

पूज्य माता रेणुका जोशी जी पुणे निवासी पिछले लगभग 20 वर्षो से अवधूत आश्रम में रहती हुई पूज्य गुरुदेव परमहंस ज्ञानेश्वर जी का सत्संग लाभ कर रही थी।

माता जी पिछले कई वर्षो से आश्रम के निरूशुल्क चिकित्सालय में रोगियों का पंजीकरण एवं औषधि वितरण का कार्य सेवाभाव से कर रही थी।

सभी व्यक्ति उन्हें माता जी कह कर पुकारते थे।

अपने हंसमुख स्वभाव व शालीन व्यवहार के कारण वह सभी रोगियों व अन्य आगंतुकों में बहुत लोकप्रिय थी।

माता जी ने 16 जनवरी उतरायण को प्रात रू सभी नित्य कर्म से निवृत्त होकर सत्संग मुद्रा में ही अपना शरीर प्रभु चरणों में त्याग दिया।

आश्रम में पूज्य माता जी के निमित रखे गए गरुड़ पुराण पाठ का भोग आज 2 फरवरी बृहस्पतिवार भीष्म द्वादशी पर संत समाज द्वारा हवन यज्ञ कर श्रद्धांजलि दी गई और संत समाज का भंडारा हुआ। इस अवसर पर षडदर्शन साधुसमाज के अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर जी महाराज, कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि, संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, उपाध्यक्ष महंत गुरुभगत सिंह, महंत सुनील दास, स्वामी रोशन पुरी, राजेंद्र प्राशर, कोतवाल महंत विशाल दास, महंत अवध दास, स्वामी दर्शन दास,स्वामी गणेश दास, स्वामी देवी शरण, मंगलानंद और पुणे से आई अनिता नवलगुंद, मेधा नवलगुंद विज्ञानिक , मंगलमूर्ति जोशी, निखिल जोशी,निरंजन जोशी, चिन्मई जोशी, सावित्री जोशी, श्लोक जोशी इत्यादि ने माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।




विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।

फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।

फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।

फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।

4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000

क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।

क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।

कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क करें।

9918366626


## समर्थन मूल्य पर खरीदे गेहूं का वजन बढ़ाने के लिए मिलाई रेत और धूल



सतना। जिले में फिर एक बड़ा मामला सामने आया जहा समर्थन मूल्य पर खरीदे गए गेहूं में मिलावट करते हुए तस्वीर वायरल हुई है रामपुरबघेलान क्षेत्र के बांधा गांव स्थित साइलो में गेहूं का वजन बढ़ाने रेत और धूल मिलाई जा रही। इंटरनेट मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया।इंटरनेट मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा ये वीडियो बांधा स्थित साइलो का है जिसमें समर्थन मूल्य पर गेहूं का भंडारण है। इस साइलो में पिछले दो साल में समर्थन मूल्य पर खरीदा गया 7 लाख क्विंटल गेहूं का भंडारण है। अब यह गेहूं जिले से बाहर भेजा जा रहा अब तक करीब तीन लाख क्विंटल गेहूं का भरतीय खाद्य निगम के माध्यम से अन्य जिलों में भेजा जा चुका और गेहूं का परिवहन हो रहा यहीं से एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ है जिसमें गेहूं में धूल और रेत मिलाई जा रही वाकायदा टैक्टर में रेत धूल लाई गई और फिर गेहूं में मिलाई जा रही। इसी मिलावट के खेल की पड़ताल करनें हम पहुंचे बांधा स्थित साइलो , जहां वीडियो में दिखने वाला टैक्टर मौजूद मिला और कैंपस भी वही दिखा जो वायरल वीडियो में दिखा हालांकि इस मामले में ज्योति दास सहायक प्रबंधक साइलो साजिश बता रहे उनकी मानें तो यहां मिलावट नहीं हो सकती ,किसी की शरारत होगी ,वायरल वीडियो अपने ही साइलो का होना बता रहे।बता दें कि हाल ही में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी क्रेंद्र में धान में रेत और पत्थर मिलाने की तस्वीर वायरल हुई थी प्रशासनिक जांच में मिलावट सिद्ध हुई और महिला स्वसहायता समूह के अध्यक्ष और खरीदी केंद्र प्रभारी पर एफआईआर दर्ज हुई अब नया मामला सामने आया है।

इनका कहना वायरल वीडियो को देखकर जांच का दिया गया है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## अमृत पीढ़ी बनेगी विकसित भारत का आधार राज नेहरू

कौशिक। केंद्र सरकार के बजट में कौशल पर विशेष फोकस। नए युग के लिए तैयार होंगे कुशल मानवीय संसाधन। 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर और पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान से बनेगा देश में कौशल के प्रति वातावरण। तीन साल में 47 लाख प्रशिक्षुओं को वजीफा देने की पहल बेहद शानदार। यूजीसी की कमेटी 2 महीने में तैयार करेगी इंटर्नशिप की गाइडलाइन। चंडीगढ़ रू श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति श्री राज नेहरू ने केंद्रीय बजट में कौशल को लेकर किए गए प्रावधानों को ऐतिहासिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार कौशल पर बजट में खास फोकस किया गया है। इससे अमृत काल में भारत अतिरिक्त कौशल की ओर अग्रसर होगा और शिक्षा के क्षेत्र में कौशल के नए आयाम सामने आएंगे। श्अमृत पीढ़ीश कुशल और विकसित भारत का आधार बनेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार के बजट में कौशल को अपनी विशेष प्राथमिकताओं में रखा है। शिक्षा बजट में 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जो कि अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। कोविड के दौरान शिक्षा पर जो प्रभाव पड़ा उसको दूर करने के लिए डिजिटल मोड में काम होगा। विद्यार्थियों को डिजिटल के साथ जोड़ कर तेजी से उनकी स्किलिंग की जाएगी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति श्री राज नेहरू ने कहा कि बजट में स्किल पर जितना फोकस किया गया है, यह अमृत काल में श्अमृत पीढ़ीश तैयार करने की दिशा में कारगर कदम साबित होगा। यही अतिरिक्त कौशल भारत को विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। श्री राज नेहरू ने कहा कि इंडस्ट्री पार्टनरशिप और ऑन द जॉब ट्रेनिंग पर बजट में विशेष फोकस है। यह कौशल को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण आयाम हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इस दिशा में सफल प्रयोग कर चुका है। ऑन द जॉब ट्रेनिंग और इंडस्ट्री पार्टनरशिप के दोहरे एकीकृत मॉडल ने रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं और इंडस्ट्री को कुशल पेशेवर उपलब्ध करवाए हैं। अब राष्ट्रीय स्तर पर यह अवधारणा क्रियान्वित होगी तो निश्चित ही इसके शानदार परिणाम आएंगे। श्री राज नेहरू ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत नए दौर के कोर्स शुरू होंगे। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग, रोबोटिक्स, मैक्ट्रॉनिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन और सॉफ्ट स्किल्स पर बजट में विशेष जिक्र है। यह सभी कोर्स भविष्य के लिए भारत और विश्व की पेशेवर जरूरतों को पूरा करेंगे। यदि ड्रोन की ही बात की जाए तो इस क्षेत्र में लाखों कुशल लोगों की जरूरत है। केंद्र सरकार ने बजट में जिन कोर्सों को रखा है, देश और दुनिया को अब उन जॉब रोल की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। दरअसल बजट के इन प्रावधानों से इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप कोर्स बनाए जा सकेंगे। अलग–अलग राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर खोलने की घोषणा कौशल के विकास की दिशा में सरकार के विजन को स्पष्ट करती हैं। श्री राज नेहरू ने कहा कि इन केंद्रों के माध्यम से उत्कृष्टता आएगी। मांग पर आधारित औपचारिक कौशल को सक्षम करने, लघु एवं मंझले उद्योग सहित नियोक्ताओं को साथ जोड़ कर उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एकीकृत स्किल इंडिया डिजिटल प्लेटफॉर्म अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि अप्रेंटसशिप की गाइडलाइन 2 महीने में बन कर तैयार हो जाएंगी। इसको बढ़ावा देने के लिए सरकार ने तीन साल में 47 लाख प्रशिक्षुओं को वजीफा देने का ऐलान कर बड़ा कदम उठाया है। इससे अप्रेंटसशिप के प्रति उत्साह और रुझान बढ़ेगा। श्देखो अपना देशश पहल के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए क्षेत्र विशिष्ट कौशल और उद्यमिता विकास पर सरकार विशेष तौर पर काम करेगी। एडवांस स्किल ट्रेनिंग और आधुनिक डिजिटल ट्रेनिंग से लेकर कई अन्य क्षेत्रों के लिए पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान का एलान किया गया है। यह अत्यंत सराहनीय पहल है। कुलपति श्री राज नेहरू ने कहा कि केंद्र सरकार का साल 2023–24 का बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उस विजन की स्पष्ट झलक है, जिसमें वह कौशल के जरिए भारत को एक विकसित राष्ट्र की राह पर ले जा रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल देश का पहला राजकीय कौशल विश्वविद्यालय स्थापित कर इस दिशा में हरियाणा से महत्वपूर्ण पहल कर चुके हैं। कौशल शिक्षा के क्षेत्र में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय देश के अन्य संस्थानों के लिए मॉडल का काम कर रहा है।



## मनरेगा मजदूरों ने आराजीलाईन ब्लाक का घेराव किया





मनरेगा बजट आवंटन में 30 फिसदी कटौती से आक्रोशित मनरेगा मजदूरो ने ब्लाक का घेराव कर पीएम को भेजा ज्ञापन मजदूरों के माँगों को लेकर आराजीलाईन ब्लाक पर मनरेगा मजदूर यूनियन ने धरना प्रदर्शन किया

वाराणसीरू राजातालाब, नरेगा संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सात सूत्री माँगों को लेकर मनरेगा मजदूर यूनियन ने प्रदेश व केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी फैसलों व मनरेगा मजदूरों की समस्याओं को लेकर मनरेगा दिवस पर गुरुवार को आराजीलाईन ब्लाक पर जोरदार प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन के माध्यम से मनरेगा मजदूरों ने अपनी मांगों को नारों, लोकगीतों के माध्यम से रखा।

इस दौरान मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने कहा कि मनरेगा मजदूरी में पर्याप्त वृद्धि सातवें वेतन आयोग के अनुसार निधारित न्यूनतम दैनिक मजदूरी 800 रूपये लागू की जाए। वहीं माननीय उच्चतम न्यायलय के फैसलें के अनुसार एक समान काम का एक समान वेतन का नियम मनरेगा मजदूरों के लिये लागू किया जाए। 15 दिन के अंदर भुगतान नहीं होने पर वेतन अधिनियम 1936 के तहत मुआवजा दिया जाए। काम कि माँग पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अतिरिक्त धनराशि 110588.49 करोड़ का तत्काल आवंटन हो। सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार गुप्ता ने कहा कि पिछले चार से लगातार मनरेगा के बजट की कटौती किया जा रहा है पिछले चार साल की तुलना में इस बार मनरेगा का सबसे कम बजट है हम लोगों को उम्मीद थी बेरोजगारी की चुनौती से निपटने के लिए बजट बढ़ाया जाएगा लेकिन मोदी बजट कारपोरेट परस्त और किसान, मजदूर ग्रामीण तथा शहरी जनता विरोधी है।वहीं मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजिका रेनू पटेल ने कहा कि मनरेगा में 200 दिन का काम निर्धारित किया जाए।

वहीं इस धरना प्रदर्शन के पश्चात खंड विकास अधिकारी विजय जायसवाल के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित उपरोक्त मांगों को लेकर सात सूत्री एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान मनरेगा मजदूरों एवम् यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रदेश व केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए कि मनरेगा मजदूरों को न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है।उन्हें 100 दिन का कार्य भी मुहैया नहीं करवाया जा रहा है और इसके साथ साथ समय से मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस मौके पर सुरेश राठौर, राजकुमार गुप्ता, रेनू, नेहा, मुश्तफा, श्रद्धा, रीना, पूजा, आँचल, सीता, विमला, आशा, मंगरा, अमरावती, सुनीता, मीरा, प्रेमशीला, सरिता, संजू, कलावती, राजकुमारी, फुलकुमारी, सुनैना, अनिता, सहित सैकड़ो मजदूर मौजूद रहे।

## श्री राम सत्संग समिति द्वारा दहिसर में संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ



श्री राम सत्संग समिति द्वारा 10 वीं संगीतमय श्री राम कथा का भव्य और दिव्य आयोजन दहिसर में शुरू हो गया है। 10 फरवरी 2023 तक चलनेवाली श्रीराम कथा जीएसबी ग्राउंड, एन एल एल कॉम्प्लेक्स, दहिसर पूर्व में आयोजित की गई है। भव्य कलश यात्रा के साथ आयोजन की शुरुवात हुई। श्री श्री 1008 श्री काशीनाथ महाराज जी ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन की शुरुवात की। आचार्य श्री विरेन्द्र जी याग्निक ने आशीर्वचन दिया। प्रख्यात मानस मर्मज्ञ और प्रकांड विद्वान पंडित श्री सुधीर जी महाराज के श्रीमुख से सभी रामभक्त संगीतमय श्री राम कथा का श्रवण लाभ ले रहे हैं। इस श्री राम कथा सत्संग समिति के प्रमुख संरक्षक, मार्गदर्शक और प्रेरणाश्रोत उत्तर मुंबई के सांसद गोपाल शेट्टी हैं। आदित्य इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड आर्किटेक्चर के चेयरमैन हरिश्चंद्र मिश्रा इस पावन रामकथा के प्रमुख यजमान हैं। इनके साथ–साथ भवन निर्माता कनुभाई मेवाड़ा तथा कैलाश यादव का विशेष सहयोग उल्लेखनीय है। श्रीराम कथा के ब्राह्मण भोज सेवा की जिम्मेदारी वार्ड क्रमांक 31 के पूर्व नगरसेवक कमलेश यादव तथा जयंती भाई वैष्णव के कंधों पर है। वहीं भंडारा सेवा राजीव मिश्रा, मंडप सेवा संतोष सिंह और यज्ञ सेवा उमाशंकर मिश्र की है।दहिसर में ऐतिहासिक कलश यात्रा एवम् प्रथम दिवस की कथा के अवसर पर संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी ब्रह्मदेव तिवारी, महाराष्ट्र भाजपा के कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत पाण्डेय, प्रसिद्ध व्यवसायी और समाजसेवी हरिशंकर तिवारी, करुणाशंकर ओझा, भारतीय सद्विचार मंच के संस्थापक डॉक्टर राधेश्याम तिवारी, पंडित कमलाशंकर मिश्रा, रामबली त्रिपाठी, ओमप्रकाश पांडे, घनश्याम तिवारी, राकेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्रा , पोईसर जिमखाना के करुणाकर शेट्टी तथा हसमुख मकवाना सहित श्री राम सत्संग समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए।

## सभी दलों पर भारी है पड़ रही है सरिता पांडे आम आदमी पार्टी

मध्यप्रदेश रीवा!सिरमौर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम दोहा जोकि बैकुंठपुर से लगा हुआ है सिरमौर विधानसभा में आता स्वर्गीय श्री सीता प्रसाद शर्मा जोकि सिरमौर विधानसभा अध्यक्ष रहे उसके बाद मंत्री खाद्य मंत्री रहे दर्जा प्राप्त हुआ उन्होंने सिरमौर क्षेत्र हो या सेमरिया क्षेत्र हो बहुत सारे ऐसे कार्य किए हैं जो असंभव थे है उन्हीं की बहू श्रीमती सरिता पांडे उन्हीं के पद चिन्हों पर चल रही है उनके बताए हुए रास्ते पर चल रही है जी हम बात कर रहे हैं सरिता पांडे जी की जो आम आदमी पार्टी की सदस्य सिरमौर विधानसभा है वह किसी परिचय की मोहताज नहीं है पूर्व खाद्य मंत्री रहे सिरमौर के प्रथम जनपद अध्यक्ष रहे स्वर्गीय श्री सीता प्रसाद शर्मा की बहू है सिरमौर विधानसभा में लगातार लोगों के बीच जन जन तक पहुंच रही हैं सुख दुख में हमेशा सम्मिलित रहती हैं अपार जन समर्थन एवं आशीर्वाद मिल रहा है विधानसभा में राजा और रंक की लड़ाई होगी स्वर्गीय श्री सीता प्रसाद शर्मा जी ने सिरमौर विधानसभा में लोगों के बीच चाहे वह पटेहरा पुल, नहर रोड लाइट तराई अंचल में उन्होंने ने कार्य किए हैं उनको बताने की जरूरत नहीं है समझने की जरूरत है सामने दिखाई देता है सरिता पांडे जी की बात की जाए तो उन्होंने सिरमौर विधानसभा में हर व्यक्ति हरगांव हर समाज हर पंचायत में जाकर लोगों की समस्या को जाना है ऐसे बहुत कम लोग होते हैं जोकि चुनाव आने पर दरवाजे पर जाते हैं लेकिन सरिता पांडे जो कि बगैर चुनाव लड़े ही उन्होंने पूरे सिरमौर विधानसभा में घर–घर जाकर समस्याओं को जाना है हर दुख सुख में सम्मिलित हुए हैं ऐसे ही समाजसेवी की हमें जरूरत है और हम सबको ऐसे ही लोगों को सेवा करने का मौका देना चाहिए ऐसे ही लोग सेवा करते हैं जो एक बार आ जाते हैं वह सेवा नहीं कर पाते हैं जो आपके क्षेत्र में हमेशा बना रहे हमेशा दुख सुख में सम्मिलित रहे ऐसे समाजसेवी को हम सबको लाना चाहिए जबकि सिरमौर विधानसभा की कुछ गांवों के लोगों से बात की गई उन्होंने बताया कि सरिता पांडे जी एक कुशल नेतृत्व करने वाली महिला है आपकी वार सरिता पांडे जी को ही वोट दिया जाएगा पथरी ढोल म्हारी बेलवा राजगढ़ कई गांव से संपर्क किया गया सब पर भारी पड़ सकती है सरिता पांडे।



## सम्पादकीय

# सप्पा काका

बामन सेमलिया . गाँव में अध्यापक था

जब मेरी वर्ष आज से पच्चीस साल पहले तब मेरा परिचय एक अद्भुत इंसान से हुआ जो मेरे जीवन का आदर्श बन गया कमाल के थे सप्पा काका थे इसलिए लिख रहा हूँ अभी

साल भर पहले मेरे उस गाँव से अध्यापक की नौकरी के सेवा निवृति

के बाद एक साल और वो रहे थे

खैर उस अद्भुत इंसान को उसके बेटे ने

निकाल दिया घर से वजह बेटे बड़ा हो गया पैसे से खैर सप्पा काका किसी अनाथलय नहीं गये. उन्होंने अपने खेत के टुकड़े मे लकड़ियों से झोपड़ी बनाई और अपनी बीवी को लेकर वहाँ रहने लगे चेहरे पर कोई शिकन नहीं कोई दुःख सदा ही की तरह सुबह से उठ खेत में दोनों लग जाते चहरे पर वहीं सदा सी मुस्कान और खुशी जो दिन भर के श्रम की होती थी कोई चाह नहीं कोई सपना नहीं जैसे उन्हें पता है उनका जन्म खेत में अनाज पैदा करना और सस्ते दामों में शहर वासियों को खाने को देना है शायद इस लिए उनका जन्म हुआ ऐसा उन्होंने स्वीकार कर लिया था शायद यहीं वजह थी उनके चहरे पर सदा ही खुशी का. मैने देखा उन्हें जब मै गया पहली बार उस गांव में तब भी वैसे ही थे जब मैने पच्चीस साल बाद वहाँ से विदा ली जैसे उम्र रुक गई हो वहीं कमाल के

ऊर्जा और ताकत और सहजता सरलता अभी तो लाखों की जमीन उनके नाम थी पर कोई मतलब नहीं

अनाज पैदा करना कड़ी मेहनत मै हर मौसम से लड़ते हुए और उसे बांट देना शहर में बहुत कम दामों पर सचमुच आज मै भी यदि सहज सरल हुँ लाखों की संपति बड़ी गाड़ी तीन मंजिल मकान सब कुछ सुविधा भर पूर फिर भी सदा खाना दाल और रोटी और सालों से कोई कपड़ा नहीं खरीदना कोई भी शोक नहीं आदि आदि जो कुछ अपने मै अच्छा है सब उस महान

संत सप्पा काका की देन हैं जिसे कोई संत नहीं मानता सच तो यह सप्पा काका जैसे मेरे गाँव में कई संत जीवन जी रहे असली संत निर्विकार कोई चाह

सपना नहीं जो एक बहुत आदर्श है सभी के लिए काश ये दुनिया नकली संतों के पीछे भागने की बजाय इन असली संतो से कुछ सिखाती अथक परिश्रम ही तो शायद कभी कोई बड़ी बीमारी नहीं होती न अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ते आज मै ६५ साल में भी बिना कोई दवाई के पुरा जीवन निकला तो वो आदर्श सप्पा काका जो सिखा गये दूसरे के लिए जीना ही जिन्दगी है और फिर ईश्वर ने हाथ और पेर सही रखे तो क्यो किसी का मोहताज होना क्यौं अनाथालय का सहारा लेना फिर कोई केसा भी हो हम

तो सही रहे जब ईश्वर ने हमें सही रखा है तो बहुत बहुत सी बातें है जो वो अनपढ़ सप्पा काका सिखा गया मुझे

यहीं वहज है में आज भी सब कुछ भूल निर्विकार लगा हूँ मै क्या कर सकता हूँ अपने घर परिवार और समाज देश के लिए बस यहीं सुखद सोच जिन्दा रखे हैं वह भी पूरे सुख चौन और सुकूंन से प्रणाम उस सप्पा काका को और सप्पा काका जैसे तमाम संतों को प्रणाम करता हूँ

# लाश का पोस्टमार्टम!

झाड़ियों में अज्ञात व्यक्ति का क्षत–विक्षत शव पड़ा होने की खबर पूरे गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई। इससे पहले कि पुलिस वहां पहुंच पाती, गांव के छूट भैया नेता दल बल के साथ पहुंच गए। किसी की जुबान पर कोई लगाम नहीं ।जितने मुंह उतनी बातें। तमाम कयास लगाए जाने लगे। सब एक से एक बढ़कर विशेषज्ञ। दुर्गंध मारते शव का दूर से पोस्टमार्टम करने लगे।

मोहन (ग्रामीण) ष अरे बाप रे, राक्षसों ने काट–पीटकर झाड़ियों में फेंक दिया।ष

सोनू (ग्रामीण) हां भाई मोहन,करमजलों ने मुंह को भी कुचल डाला। वैसे आदमी जाना पहचाना लग रहा है।ष

मोहन ष्हां सोनू, अरे यह तो हमारा आदिवासी भाई घासीराम नजर आ रहा है। वैसे ही कपड़े। वहीं टूटी फूटी चप्पल। बेचारा माथे पर तिलक लगाता था। फिर भी मार डाला।ष

सोनू ष्हां भाई, खेतों में मजदूरी करके परिवार का पेट पाल रहा था। कुछ दिन पहले दबंग रामसिंह से झगड़ा हुआ था।ष

देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई ।दूरदराज के लोगों को भी खबर करके बुला लिया। बदला लेने की बातें होने लगी। मरने मारने के नारे लगने लगे।

एक नेता ष हमारे दलित भाई घासीराम की निर्मम हत्या कर दी ।गांव के ही दबंग से कुछ दिन पहले झगड़ा हुआ था। अकेला देखकर उसे निपटा दिया।ष

सोनू ष्आप हमारे नेता हैं। खून का बदला खून से लेना होगा ।आज घासीराम को मारा है। कल हमारा नंबर लग जाएगा।नेता ष्इससे पहले कि पुलिस यहां आ जाए। हमें राम सिंह के घर पर धावा बोलना होगा।ष

नेता के भड़काऊ भाषण सुनकर भीड़ का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उत्तेजित भीड़ लाठी–डंडों से लैस होकर राम सिंह की तलाश में उसके खेत की ओर जाने लगी ।तभी पुलिस की वाहन सायरन बजाती हुई आ गई। उत्तेजित भीड़, पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगी। पुलिस वालों के साथ धक्का–मुक्की होने लगी। पुलिस की जीप जला देने के नारा लगने लगे। तभी पुलिस की जीप से घासीराम बाहर निकला। भीड़ घासीराम को देखकर आश्चर्यचकित रह गई।

घासीराम (भीड़ से)ष भाइयों गुस्सा मत करो। मैं भला चंगा हूं। मुझे कुछ नहीं हुआ। मैं पुलिस थाने गया था।ष

नेता ष्तो फिर यह सड़ी हुई लाश किसकी है। मुझे तो किसी गरीब की नजर आ रही।ष

पुलिस ने तुरत फुरत लाश को अपने कब्जे में ले लिया। लाश की तलाशी ली गई। जेब में से आधार कार्ड और राशन कार्ड मिला।

पुलिस इंस्पेक्टर ने भीड़ से कहा ष यह अज्ञात लाश नदी किनारे मंदिर के पुजारी की है। नाम महंत उमा शंकर दास।ष

क्रुद्ध भीड़ को सांप सुंघ गया। लाठी–डंडों से हुड़दंग करते लोग एक दूसरे का मुंह देखने लगे। कथित नेताजी अचानक भूमिगत हो गए। धीरे–धीरे भीड़ घटने लगी। अकेला घासीराम दुर्गंध मारती लाश के पास रह गया।

# भाष विज्ञान का भारतीय इतिहास

भारतीय भाषा विज्ञान ही आधुनिक युग की देन है। आज जिस तरह यह स्वतन्त्र विषय के रुप में प्रचलित है वैसे पहले प्रचलित नहीं था। इसके पूर्व भाषा विज्ञान की अन्य पद्धतियाँ प्रचलित थी। किन्तु जैसे – जैसे भारत का अंग्रेजों से सम्पर्क बढता गया वैसे – वैसे अन्य विधाओं की भाँति इस विधा का परिष्कार होता गया।

( क) प्राचीन युग

पाणिनि से पूर्व अध्ययन रू

भारत में भाषा के वैज्ञानिक अध्ययन का इतिहास वैदिक काल से संबंध है। वैदिककाल में दों के सम्यक अध्ययन की जो प्रणाली विकसित थी वह श पाठ पद्धति श के नाम से प्रचलित थी जो कि पांच प्रकार की होती थी मंत्रपाठ, पदपाठ, जटापाठ, क्रमपाठ और घनपाठ। पाठ की ये पाँच पद्धतियाँ पाँच बातों की ओर संकेत करती हैं। इनमें समझाने की पद्धति तथा संधियों के आधार पर थी। उदात्त, अनुदात्त एवं स्वरित तीन स्वरों के भी भेद की व्यवस्था थी। इसमें न केवल भाषा विज्ञान का पद्विज्ञान एवं ध्वनि विज्ञान संबंधी कार्य उस समय हुआ था अपितु शबद विज्ञान की दिशा में भी पर्याप्त कार्य संभव हो गया था।

इसके बाद वेदों का सम्यक अनुशीलन करने के लिए त्रषियों – मुनियों ने छःवेदाँगों की व्यवस्था की और शिक्षा, कल्य, व्याकरण, छंद और ज्योतिष के नाम से उनका नामकरण किया। शिक्षा नामक वेदांत के अन्तर्गत भाषा विज्ञान संबंधी कार्य हुआ, क्योंकि स्वर और व्यंजन के उच्चरण भेद को समझाने वाली पद्धति को शिक्षा कहते हैं। इस प्रकार शिक्षा के अंतर्गत स्वर और व्यंजन ध्वनियों का स्थान, करण और प्रयत्न के आधार पर वर्गीकरण किया गया, शब्दों के ठीक – ठीक उच्चारण की पद्धति सिखायी गयी और वेदमन्त्रों में आयी हुई ध्वनियों के पृथक और सहित रुप में शुद्ध उच्चारण करने के लिए निर्देश दिए गए।

महत्व रू–

भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से प्रतिशाख्यों का महत्व संक्षेप में प्रस्तुत है।

1) प्रातिशाख्यों में संहिता पाठ तथा पदपाठ आदि के द्वारा संहिताओं के मूल उच्चारण को सुरक्षित रखा गया है तथा इस प्रयत्न में स्वर ,मात्रा आदि के उच्चारण का वैज्ञानिक विवेचन हुआ है।

2) प्रातिशाख्यों में ही सर्वप्रथम संस्कृत ध्वनियों का पूर्णत्या वैज्ञानिक वर्गीकरण हुआ जो आज तक प्रचलित है।

3) प्रातिशाख्यों ने श निरुक्त श तथा व्याकरण के लिए दृढ आधारभूमि बनायी जिस पर आगे चलकर यास्क तथा पाणिनि आदि ने अपनी रचनाएँ की।

श निरुक्त श का शाब्दिक अर्थ है व्युत्पत्ति या निर्वचन। इसमें शब्दों के अर्थतत्व एवं संबधतत्व पर विचार करते हुए यह निश्चय किया जाता है कि शब्द – विशेष का एक विशिष्ट अर्थ क्यों है? मनुष्य जब किसी विशेष भाव को किसी विशेष शब्द द्वारा व्यक्त करता है, तो उसके मूल में कोई – न – कोई कारण रहता है। इस कारण की खोज ही शब्द की शनियुक्ति श या निर्वचन कहलाता है तथा इससे सम्बन्धित शास्त्र को श निरुक्त श कहा जाता है।

निरुक्त में ध्वनि पद और अर्थ तीनों का एक व्यवसित ढंग से विवेचन हुआ है और वर्णगम, वर्णाविपर्यय, वर्ण विकार, वर्णलोप आदि को भी समयक रीति से समझाया गया है। इस प्रकार निरुक्त भाषा विज्ञान का ही प्राचिन रुप है, जिसका आविर्भाव हमारे देश में वैदिक काल में ही हो गया था।

पाणिनि कालीन रू–

यास्क के बाद लगभग 40 वैयाकरणों का प्रादुर्भाव हुआ था जिनमें भी सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण स्थान, पाणिनि का माना जाता है। अपिशलि, काश्यप, गार्ग्य ,इन्द्र, का भी अपना महत्वपूर्ण स्थान है। पाणिनि द्वारा अपनाया गया ध्वनि – भेद एवं ध्वनि – परिवर्तन संबंधी विवेचन ध्वनि विज्ञान की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार पाणिनि ने ध्वनि, पद, वाक्य, शब्द, अर्थ, आघात आदि भाषा के सम्पूर्ण अंगों का सम्यक विवेचन करके अपनी अष्टाध्यायी द्वारा संस्कृत भाषा का अत्यंत सूक्ष्म और वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत किया था। इस प्रकार पाश्चात्य भाषा वैज्ञानिकों द्वारा जो कार्य उन्नीसवीं सदीं में किया गया, उसे पाणिनि 7 – 8 वीं शदी के मध्य कर गए ।पाणिनि की इस प्रतिभा की आधुनिक भाषा वैज्ञानिक चकति हैं।

## पाणिनि के उपरान्त दूसरे महत्वपूर्ण वैयाकरणिक आते हैं

– महर्षि कात्यायन। इन्हें पाणिनि के 150 – 200 वर्ष बाद विद्यामान माना जाता है। कात्यायन ने पाणिनि के सूत्रों का संशोधन एवं परिवद्र्धन किया, संशोधन उन्होंने केवल 1500 सूत्रों में प्रस्तुत किया। कात्यायन का व्याकरण शास्त्र श वार्तिक श के नाम से प्रसिद्ध है। वस्तुतः कात्यायन पाणिनि के ही अनुयायी हैं तथा उनके कार्य को आगे बढाने वाले हैं। उन्होंने अपनी वार्तिकों द्वारा पाणिनि के अष्टाध्यायी ग्रंथ को ही पूर्णता प्रदान की। यही कारण है कि मैक्समूलर ने कात्यायन को पाणिनि का सम्पादक माना है। कात्यायन के बाद इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण वैयाकरणिक श पतंजलि श का नाम आता है, जिनका ग्रंथ महाभाष्य के नाम से प्रसिद्ध है। इनका काल कात यायन के 200 वर्ष बाद माना जाता है। ऐतिहासिक दृष्टि से ये सम्राट पुषयमित्र ( ई. पे. द्वितीय शताब्दी) के समकालीन थे। पतंजलि का यह श महाभाव्य श आठ अध्यायों एवं चार पादों में विभकत है।

पतंजलि के महाभाष्य का आधार श अष्टाध्यायी श के साथ – साथ वार्तिक भी है। महाभाष्य का तीन चौथायी श्वार्तिक श तथा एक चौथाई महाभाष्य पर आधारित है।

पतंजलि के अनुसार विभिन्न प्रदेशों में एक ही अर्थ में अनेक शब्द प्रयुक्त हो रहे थे, जैसे जाना क्रिया के लिए सौराष्ट्र प्रदेश में हम्म, प्राच्य – मध्य प्रदेश में श्रह श तथा आर्य प्रदेश में गम् धातु का व्याहार हो रहा था। कुछ प्राचीन शब्दों का स्थान नवीन शब्दों ने ले लिया था। जैसे ऊष =उचित, तेर = तीर्ण, गो = गावी आदि।

इस प्रकार पाणिनि, कात्यायन एवं पतंजलि की मुनित्रयी ने संस्कृत के भाषा संबंधी विवेचन को उस परिपक्वता तक पहँचा दिया जिसकी प्रशंसा भारतीय एवं पाश्चात्य विद्वान मुक्तत कण्ठ से करते हैं।

आधुनिक युग रू–

भारतीय आधुनिक भाषाविज्ञान के विकास में पाश्चात्य साहित्य का प्रभाव पडा है। पाश्चात्य विद्वानों ने जैसे साहित्य की अन्य विधाओं के विकास में प्रचुर सामग्री दी वैसे ही भाषा विज्ञान को भी महत्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध कराई।

डॉ बाबूराम सक्सेना के द्कखिनी हिन्दी, डॉ सुनीति कुमार चटर्जी के भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी ,डॉ उदय नारायण तिवारी के, भोजपुरी भाषा और साहित्य और हिन्दी भाषा का उद्भव और विकास, एवं भाषा शास्त्र की रुपरेखा, डॉ विश्वनाथ प्रसाद के भोजपुरी का ध्वनि विज्ञान और ध्वनि प्रक्रिया, डॉ आनन्द स्वरुप पाठक के हिन्दी – लिंग निर्णय, डॉ ब्रजवासी लाल श्री वास्तव के श हिन्दी वाक्य रचना श डॉ भोलानाथ तिवारी के श हिन्दी भाषा श डॉ महेन्द्रनाथ दुबे के, आजमगढ जिले की बोली का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन, आदि ग्रंथों में भाषाविज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों का अध्ययन प्रस्तुत हुआ है।

इस भाषा विज्ञान के सम्यक सिद्धान्तों के एक साथ अध्ययन संबंधी कार्य भी प्रस्तुत हुए हैं। तात्पर्य यह है कि इन ग्रंथों में भाषा विज्ञान के सम्यक सिद्धान्तों का विवेचन है। डॉ भोलानाथ तिवारी, प्रो. देवेन्द्र नाथ शर्मा, डॉ देवीशंकर द्विवेदी आदि का इस दृष्टि से सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। कुछ लेखकों ने अंग्रेजी के ग्रंथों का अनुवाद भी किया है। सब मिलाकर कहा जा सकता है कि आज जिस तीर्व गति से नए – नए शोध एवं नयी – नयी पुस्तकें इस क्षेत्र में निकल रही हैं वे भाषा विज्ञान के भाण्डार में श्रीवृद्धि ही कर रही है और भविष्य में भी करेंगें।

# कौशलता विकास संकट मोचक बौद्धिक अस्त्र

कौशलता विकास परिवर्तन के वाहक युवाओं की समृद्धि के विकास का मूल मंत्र हैं

कौशलता विकास, सामाजिक आर्थिक सुधारों, बढ़ती असमानता, बेरोजगारी जनसांख्यिकीय संक्रमण जैसे मुद्दों के समाधान में मील का पत्थर साबित होगा – एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया – सृष्टि रचयिता ने मानव को प्राकृतिक रूप से बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व खजाना दिया है। बस!! जरूरत है उसे पहचान कर निखारने की! जिसके बलपर सफलताओं की हदें पार की जा सकती है! खास करके हर मानव में अपने अपने स्तरपर अलग–अलग कौशलता समाई हुई है, बस इसे पहचान कर उसका विकास करना है

साथियों बात अगर हम विश्व युवा कौशलता की करें तो, कोविड–19 महामारी से सामाजिक–आर्थिक सुधार की दिशा में ठोस प्रयासों के बीच हुआ है जो जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, निरंतर गरीबी, बढ़ती असमानता, तेजी से तकनीकी परिवर्तन, जनसांख्यिकीय संक्रमण और अन्य जैसी चुनौतियों से जुड़े हुए हैं। युवा महिलाओं और लड़कियों, विकलांग युवाओं, गरीब परिवारों के युवाओं, ग्रामीण समुदायों, स्वदेशी लोगों और अल्पसंख्यक समूहों के साथ–साथ हिंसक संघर्ष और राजनीतिक अस्थिरता के परिणाम भुगतने वाले लोगों को कई कारकों के संयोजन के कारण बाहर रखा जाता है, इसके अलावा, संकट ने काम की दुनिया में पहले से ही कई बदलावों को तेज कर दिया है, जो उन कौशल और दक्षताओं के बारे में अनिश्चितता की परतें जोड़ते हैं जो महामारी पर काबू पाने के बाद मांग में होंगे। संयुक्त राष्ट्र और इसकी एजेंसियां, जैसे कि यूनेस्को–यूएनईवीओसी, काम की दुनिया में पहुंच बाधाओं को कम करके इन चुनौतियों का समाधान करने में मदद करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्राप्त कौशल को मान्यता प्राप्त और प्रमाणित किया जाता है, और बाहर के लिए कौशल विकास के अवसर प्रदान करता है। स्कूली युवा और जो रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण (एनईईटी) में नहीं हैं। 2030 एजेंडा के लिए कार्रवाई के इस दशक के दौरान, सकारात्मक परिवर्तन और नवाचार उत्पन्न करने के लिए वैश्विक प्रक्रियाओं में युवाओं की पूर्ण भागीदारी महत्वपूर्ण है।

साथियों बात अगर हम कौशलता विकास में भारत की करें तो यह हमारे माननीय पीएम के ड्रीम प्रोजेक्टस में से एक है। भारत ने इसके लिए एक अलग से मंत्रालय का गठन किया है जो उचित प्रशिक्षण प्रदान करने, अच्छे काम रोजगार और उद्यमिता के लिए कौशलता प्रदान करने के महत्व पर जोर देता है और अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर कौशलता विकास के महत्व पर जन जागरण करता है

साथियों बात अगर हम युवा कौशलता के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की करें तो, युवाओं की स्किल डेवलेपमेंट के लिए उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र (आईटीआई)रू वर्ष 1950 में परिकल्पित, का उद्देश्य भारत में मौजूदा दीर्घकालिक प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार और आधुनिकीकरण करना है। पीएम स्किल्स विकास योजना (पीएमकेवीवाई)रू 2015 में शुरू की गई, इसका उद्देश्य भारत के युवाओं को मुफ्त स्किल्स प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना है। पीएम स्किल्स विकास योजना 3.0रू यह भारत के युवाओं को 300 से अधिक स्किल्स पाठ्यक्रम उपलब्ध कराकर रोजगार योग्य स्किल्स के साथ सशक्त बनाने के लिए 2021 की शुरुआत की गई है। पूर्व सीखने की मान्यतारू इसे 2015 में व्यक्तियों द्वारा अर्जित पूर्व स्किल्स को पहचानने के लिए लॉन्च किया गया था। यह पीएमकेवीवाई के प्रमुख घटकों में से एक है। इसके तहत एक निश्चित स्किल्स वाले या पूर्व सीखने के अनुभव वाले व्यक्ति को राष्ट्रीय स्किल्स योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुसार ग्रेड के साथ आरपीएल के तहत मूल्यांकन और प्रमाणित किया जाता है। राष्ट्रीय कैरियर सेवा परियोजनारू इसके साथ पंजीकृत नौकरी चाहने वालों के लिए अपनी राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना के माध्यम से मुफ्त ऑनलाइन कैरियर स्किल्स प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 2015 में शुरू की गई ।कौशल प्रबंधन और प्रशिक्षण केंद्रों का प्रत्यायन (स्मार्ट)रू यह एकल खिड़की आईटी अनुप्रयोग प्रदान करता है जो स्किल्स पारिस्थितिकी तंत्र में प्रशिक्षण केंद्रों (टीसी) की मान्यता, ग्रेडिंग, संबद्धता और निरंतर निगरानी पर केंद्रित है।

आजीविका के लिए स्किल्स अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प)रू इसका ध्यान अभिसरण और समन्वय के माध्यम से जिला–स्तरीय स्किल्स पारिस्थितिकी तंत्र पर है। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे विश्व बैंक के साथ सहयोग किया गया है। औद्योगिक मूल्य वृद्धि के लिए स्किल्स सुदृढ़ीकरणरू स्ट्राइव योजना आईटीआई और शिक्षुता के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले स्किल्स प्रशिक्षण की प्रासंगिकता और दक्षता में सुधार लाने के उद्देश्य से विश्व बैंक की सहायता प्राप्त भारत सरकार की परियोजना है। पीएम युवा योजना (युवा उद्यमिता विकास अभियान)रू वर्ष 2016 में शुरू की गई, इसका उद्देश्य उद्यमिता शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से उद्यमिता विकास के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाना हैय समर्थन और उद्यमिता समर्थन नेटवर्क तक आसान पहुंच और समावेशी विकास के लिए सामाजिक उद्यमों को बढ़ावा देना। यंग, अपकमिंग एंड वर्सेटाइल ऑथर्स (वाईयूवीए) योजना, युवा लेखकों को प्रशिक्षित करने के लिए एक मेंटरशिप प्रोग्राम है। कौशलाचार्य पुरस्काररू स्किल्स प्रशिक्षकों द्वारा किए गए योगदान को पहचानने और अधिक प्रशिक्षकों को स्किल्स भारत मिशन में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए शुरू किया गया। शिक्षुता और स्किल्स में उच्च शिक्षा युवाओं के लिए योजनारू यह योजना राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना के माध्यम से अप्रैल 2019 में बाहर निकलने वाले सामान्य स्नातकों को उद्योग शिक्षुता अवसर प्रदान करने के लिए है। आत्मानिभर कुशल कर्मचारी नियोक्ता मानचित्रण 2020 में शुरू किया गया, यह कुशल लोगों को स्थायी आजीविका के अवसर खोजने में मदद करने के लिए एक पोर्टल है जनजातीय समुदाय के लिए विशेष पहल। गोइंग ऑनलाइन एज लीडर्सश –ळव्।स् आदिवासी आबादी को कला और संस्कृति, हस्तशिल्प, कपड़ा और आदिवासी क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता जैसे क्षेत्रों में मदद कर रहा है जिससे जनजातीय आबादी के बीच एंटरप्रेन्योरशिप का विकास हो रहा है। इसी प्रकार वन धन योजना आदिवासी समाज को नए अवसरों से प्रभावी ढंग से जोड़ रही है।

साथियों बात अगर हम विश्व को चलता दिवस 15 जुलाई के इतिहास की करें तो, 18 दिसंबर 2014 को, संयुक्त राष्ट्र महासभाने सर्वसम्मति से श्रीलंका के नेतृत्व में एक प्रस्ताव अपनाया, और 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया। वैश्विक स्तर पर युवा कौशल विकास के महत्व को उजागर करने के लिए श्रीलंका ने 77 देशों का समूह और चीन की सहायता से इस संकल्प की शुरुआत की थी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व युवा कौशल दिवस 15 जुलाई 2022 को मनाया जा रहा है ।कौशलता विकास संकट मोचन बौद्धिक अस्त्र हैं। कौशलता विकास परिवर्तन के वाहक युवाओं की समृद्धि के विकास का मूल मंत्र है। कौशलता विकास का सामाजिक आर्थिक सुधारों बढ़ती असमानता बेरोजगार जनसांख्यिकीय संक्रमण जैसे मुद्दों के समाधान में मील का पत्थर साबित होगा।

# केन्द्रीय बजट दिलाएगा हाथ से गंदगी साफ करने के कलंक से मुक्ति

